संख्या-02/2018/170जेड/6-सा-3-2018-50(विविध)/2017

प्रेषक,

राजन शुक्ला,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 19 जनवरी, 2018

विषय:-उ0प्र0 राज्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों की पेंशन में वृद्धि किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-8/2016/222जेड/6-सा-1-2016-61जी/85, दिनांक 30-03-2016 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल, राज्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को दी जाने वाली पेंशन में रू0 5000/- की वृद्धि किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। अत: राज्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को निम्न गणनानुसार भुगतान देय होगा :-

1-पेंशन	**रू0 5,800/-**
2-मंहगाई राहत (238 प्रतिशत)	**रू0 13,804/-**
3-विभिन्न प्रयोजनों हेतु अनुमन्य धनराशि	**रू0 572/-**
	योग रू0 20,176/-

(रू0 बीस हजार एक सौ छिहत्तर मात्र)

2- यह आदेश दिनांक-01-02-2018 से प्रभावी होगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 28 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक- ''2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण -आयोजनेत्तर-60-अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम -107-स्वतन्त्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना-03-स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके आश्रितों को पेंशन-33-पेंशन/ अनुतोषिक/ अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ'' के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-102/दस-2018 दिनांक-18 जनवरी, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
(राजन शुक्ला)
प्रमुख सचिव।

क्रमशः-2

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-02/2018/170(1)जेड/6-सा-3-2018, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद ।
2- निदेशक, पेंशन निदेशालय, उ0प्र0 इन्दिरा भवन, लखनऊ।
3- मुख्य लेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, नया केन्द्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुम्बई ।
4- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।
5- समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
6- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
8- निदेशक/सचिव, उ0प्र0स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ ।
9- राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1/2 एंव उ0प्र0स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद अनुभाग।
10- वित्त (सामान्य) अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6 / 12, उत्तर प्रदेश शासन।
12- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(राजन शुक्ला)
प्रमुख सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in